मिंडा समूह ने जर्मनी कंपनी का अधिग्रहण किया

> ‘ प्रमुख कार कंपनियों फ्क्सोवैगन समूह डेमलर और जनरल मोटर्स के लिए कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली और कंपोजिट मॉड्यूलर बनाने वाली जर्मनी की अग्रणी कंपनी अक्स्या कांएजेन का अधिग्रहण किया गया है ’

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑटो मोबाइल कलपुर्जे बनाने वाली अग्रणी कंपनी अशोक मिंडा समूह ने जर्मनी की एक कंपनी का अधिग्रहण करने की आज घोषणा की। कंपनी के अध्यक्ष अशोक मिंडा ने आज यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख कार कंपनियों फ्क्सोवैगन समूह डेमलर और जनरल मोटर्स के लिए कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली और कंपोजिट मॉड्यूलर बनाने वाली जर्मनी की अग्रणी कंपनी अक्स्या कांएजेन का अधिग्रहण किया गया है। हालांकि उन्होंने इस सौदे के लिए वित्तीय जानकारी नहीं दी। अधिग्रहण के बाद इस कंपनी का नाम मिंडा सनेइक सोल्यूशंस ग्रुप रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अधिग्रहण से उनकी कंपनी वैश्विक स्तर पर ऑटो मोबाइल कलपुर्जा निर्माता कंपनी बन गई है। जर्मनी की कंपनी की तकनीक पर आधारिण कलपुर्जे अब वह भारतीय ग्राहकों भी उपलब्ध कराएगी। चालू वित्त वर्ष में उनकी कंपनी के 2500 करोड रुपए के कारोबार करने की संभावना है जिसके वर्ष 2013-14 में बढ़कर 6000 करोड़ रुपए पर पहुंचने की उम्मीद है।